विराट को अपना भविष्य खुद तय करना चाहिए। जिस तरह सचिन तेंदुलकर ने किया था, क्योंकि वे भी महान खिलाड़ी हैं। श्रीकांत का तो यहां तक दावा है कि वह कप्तान भी दमदार थे, लेकिन उनके पास सिर्फ आईसीसी ट्रॉफी नहीं थी।

- के. श्रीकांत

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, विराट कोहली के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

ऑस्कर सांचेज

फुटबॉल वर्ल्ड कप में इंग्लैंड टीम के बेस से 15 मिनट की दूरी पर फायरिंग से एक की मौत और 4 लोग घायल हो गए हैं। अमेरिका के कैनसस सिटी में 22 साल के ऑस्कर सांचेज-मुनोज को घटना का दोषी पाया गया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात आधे घंटे के भीतर हुई चार अलग-अलग शूटिंग की गई। इन घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी ऑस्कर सांचेज-मुनोज को हथियारबंद और खतरनाक बताया है। अधिकारियों के अनुसार उसके खिलाफ वायंडॉट काउंटी से एक लाख डॉलर का बॉन्ड वारंट भी जारी किया गया है।

क्या आप जानते हैं ?... फाइनल में हैट्रिक : इंग्लैंड के ज्योफ हर्स्ट (1966) एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने फाइनल मैच में हैट्रिक लगाई है।

रोनाल्डो रहे फ्लॉप, विश्व कप के पहले मैच में पुर्तगाल को कांगो ने दिया बड़ा झटका

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के पहले मैच में ही रोनाल्डो ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, 18 जून। विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में पहली ही चुनौती कई बार टीमों को उनकी वास्तविक स्थिति का एहसास करा देती है। पुर्तगाल के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ, जब उसे अपने शुरुआती मुकाबले में अपेक्षाकृत कम चर्चित कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के खिलाफ बराबरी पर रुकना पड़ा। हालांकि टीम के अनुभवी कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो का मानना है कि इस परिणाम को लेकर अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं है। पुर्तगाल ने विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं की। ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में टीम को कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के खिलाफ 1-1 की बराबरी से संतोष करना पड़ा। मैच में पुर्तगाल ने गेंद पर अधिक समय तक नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन पूरे मुकाबले में उसके खाते में केवल एक ही निशाने पर लगाया गया प्रयास दर्ज हुआ। मुकाबले के बाद कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टीम के प्रदर्शन का बचाव किया

और कहा कि परिणाम भले ही निराशाजनक रहा हो, लेकिन पुर्तगाल ने जीत के लिए पूरा प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि फुटबॉल में कई बार ऐसे नतीजे सामने आते हैं, जहां बेहतर दिखने वाली टीम भी जीत हासिल नहीं कर पाती। रोनाल्डो ने कहा कि पुर्तगाल यह मुकाबला जीत सकता था, लेकिन दूसरी ओर हार भी सकता था। उनके अनुसार टीम में किसी चीज की कमी नहीं थी और अब ध्यान अगले मुकाबले पर केंद्रित किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि 41 वर्षीय क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने इस मैच के साथ एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। वह अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी के साथ विश्व कप के छह संस्करणों में खेलने वाले दुनिया के चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। हालांकि इस बार रोनाल्डो का प्रदर्शन उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं रहा। उन्होंने पूरे 90 मिनट मैदान पर बिताए, लेकिन उनके तीनों प्रयास लक्ष्य से भटक गए। मौजूद जानकारी के अनुसार, वह जून 2021 के बाद से किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पेनाल्टी के अलावा कोई गोल नहीं कर सके हैं। मैच के बाद रोनाल्डो ने सामाजिक माध्यम पर भी संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा कि यह शुरुआत वैसी नहीं थी जैसी टीम चाहती थी, लेकिन टूर्नामेंट अभी बहुत लंबा है और आगे कई अवसर बाकी हैं। उन्होंने खिलाड़ियों और समर्थकों से सकारात्मक बने रहने की अपील की।

आयरन मैन का ख़िताब जयपुर के राजेन्द्र के नाम

जयपुर, 18 जून। राजस्थान के जाने-माने ट्रायथलीट राजेन्द्र भास्कर ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर आयरनमैन का ख़िताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने ये ख़िताब फ्रांस के टूर्स मेट्रोपोल लॉयर वैली में आयोजित प्रतिष्ठित आयरनमैन प्रतियोगिता को 10 घंटे 6 मिनट 31 सेकंड में पूरा कर हासिल किया। राजेन्द्र ने 3.8 किलोमीटर तैराकी, 180 किलोमीटर साइकिलिंग और 42.2 किलोमीटर मैराथन दौड़ सहित कुल 226 किलोमीटर की चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस रेस में 90 देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में राजेन्द्र ने तैराकी में 1 घंटा 27 मिनट 55 सेकंड, साइकिलिंग 5 घंटे 00 मिनट 18 सेकंड तथा मैराथन दौड़ 3 घंटे 26 मिनट 53 सेकंड में पूरी की। उनका कुल समय 10:06:31 रहा। इससे पहले राजेन्द्र वर्ष 2019 में तुर्कफ में आयोजित आयरन मैन 70.3 प्रतियोगिता में 4 घंटे 29 मिनट का समय निकालकर राजस्थान के सबसे तेज हाफ आयरन मैन बने थे।

FIFA WORLD CUP 2026

आज के मैच

स्विटजरलैंड बनाम बोस्निया

सुबह 12.30 बजे

कनाडा बनाम कतर

सुबह 3.30 बजे

मैक्सिको बनाम दक्षिण कोरिया

सुबह 6.30 बजे

पदक प्राप्त 50 खिलाड़ियों को मिलेगी कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त

जयपुर, 18 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नेशनल चैम्पियनशिप और पैरा नेशनल चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त 50 खिलाड़ियों को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति दिए जाने एवं इन्हें माध्यमिक शिक्षा विभाग आवंटित किए जाने की मंजूरी प्रदान की है।उल्लेखनीय है कि नेशनल चैम्पियनशिप एवं पैरा नेशनल चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त इन 50 खिलाड़ियों को जांच एवं परीक्षण उपरांत नियुक्ति के योग्य पाया गया है। मुख्यमंत्री ने इन 50 खिलाड़ियों को नियुक्ति प्रदान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है। शीघ्र ही इन्हें माध्यमिक शिक्षा विभाग में कनिष्ठ सहायक के पदों पर पदस्थापित किया जाएगा।मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं प्रदेश में खेलों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

आईपीएल का नया शेड्यूल तय, 10 मार्च से शुरू होकर 15 मई तक चलेगा टूर्नामेंट : सैकिया

नई दिल्ली, 18 जून। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवाजीत सैकिया ने गुरुवार को कहा कि खराब मौसम के असर को कम करने के लिए, अगले सीज़न से इंडियन प्रीमियर लीग 10 मार्च से शुरू होकर 15 मई तक खत्म हो सकती है। देवाजीत सैकिया ने बताया कि अगले सीज़न से, खराब मौसम से बचने के लिए आईपीएल 10 मार्च को शुरू हो सकता है और 15 मई तक खत्म हो सकता है। आम तौर पर मार्च के दूसरे हिस्से से लेकर मई के आखिर तक होता है। मई में भारत के कुछ हिस्सों में मॉनसून के आने की वजह से, बोर्ड मैचों में होने वाली रुकावटों को कम करने के लिए शेड्यूल में बदलाव करने पर विचार कर रहा है।

रिकॉर्ड ब्रेकर स्मृति मंधाना का जलवा, टाईम ने माना उन्हें सबसे प्रभावशाली हस्ती

नई दिल्ली, 18 जून। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्मृति मंधाना और दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा, इस महीने की शुरुआत में जारी टाईम मैगज़ीन की खेल जगत के 100 सबसे प्रभावशाली लोग 2026 की सूची में शामिल एकमात्र क्रिकेटर हैं। उनका इस सूची में शामिल होना वैश्विक क्रिकेट जगत पर उनके अहम प्रभाव को दर्शाता है। टाईम के एडिटर-एट-लार्ज चार्ली कैंपबेल ने स्मृति मंधाना की शानदार करियर उपलब्धियों का ज़िक्र करते हुए बताया कि वह घरेलू वनडे में दोहरा शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला और क्रिकेट के तीनों फ़ॉर्मेट में अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने वाली पहली महिला बनीं। उन्होंने उनके 17 अंतरराष्ट्रीय शतकों का भी ज़िक्र किया, जो महिला क्रिकेट में सबसे ज़्यादा हैं।

आईएचएफ के नवीनतम नियमों एवं आधुनिक ऑफिशिएटिंग पर गहन प्रशिक्षण

जयपुर, 18 जून। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय राज्य स्तरीय रेफ़रीज़ क्लिनिक का दूसरा दिन गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। क्लिनिक का मुख्य उद्देश्य हैंडबॉल रेफ़रियों को अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल महासंघ के नवीनतम नियमों, तकनीकी ज्ञान और आधुनिक मैच संचालन कौशल से प्रशिक्षित कर अपडेट करना है। दिन की शुरुआत शारीरिक फिटनेस सत्र से हुई। इसमें रेफ़रियों की उपयुक्तता और मैच की तैयारी को बेहतर बनाने के लिए विशेष वार्म-अप प्रोटोकॉल एवं शारीरिक तैयारी अभ्यासों पर ध्यान केंद्रित किया गया। थ्योरी सेशन में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को आईएचएफ के नए अपडेटेड नियमों की विस्तृत जानकारी दी। इसमें इलेक्ट्रॉनिक टीम टाइम-आउट, वीडियो रिप्ले सिस्टम, प्रतिस्थापन क्षेत्र के नए दिशानिर्देश तथा सुरक्षात्मक उपकरणों से संबंधित संशोधित नियम प्रमुख रहे। सायंकालीन सत्र "ऑफिशिएटिंग मैकेनिज्म" पर केंद्रित रहा। रेफ़रियों को सीटी बजाने की सही तकनीक, कोर्ट पर पोजीशनिंग, रनिंग रूट्स, मानक हैंड सिग्नल्स तथा रेफ़री जोड़ी के बीच आपसी तालमेल व प्रभावी संचार का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि यह क्लिनिक आगामी दिनों में भी उन्नत रेफ़रिंग तकनीकों, मैच प्रबंधन और त्वरित निर्णय लेने के कौशल पर विशेष रूप से केंद्रित रहेगा।

हैरी केन के रिकॉर्ड दो गोल के दम पर जीता इंग्लैंड

नई दिल्ली, 18 जून। हैरी केन ने दो गोल करके वर्ल्ड कप फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने के इंग्लैंड के रिकॉर्ड की बराबरी की जिससे उनकी टीम ने ठाुप एल के अपने पहले मैच में क्रोएशिया पर 4-2 की जीत से अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

केन ने 12वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। उन्होंने इसके बाद 42वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। मार्टिन बटुरिना (36वें) और पीटर मूसा ने पहले हाफ में गोल करके क्रोएशिया को मुकाबले में बनाए रखा। मूसा ने अपना गोल पहले हाफ के इंजरी टाइम के अंतिम क्षणों में किया। लेकिन जूड बेलिंघम (47वें) ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद ही इंग्लैंड को निर्णायक बढ़त दिला दी। मार्कस रैशफोर्ड ने 85वें मिनट में बढ़त को और मजबूत कर दिया। इन दोनों टीम के बीच 2018 में सेमीफाइनल में मुकाबला हुआ था जिसे क्रोएशिया ने जीता था लेकिन यहां इंग्लैंड की टीम बेहतर साबित हुई।

हाफ टाइम तक स्कोर 2-2 से बराबरी पर था, लेकिन इंग्लैंड ने इसे 3-2 से अपने पक्ष में करने में देर नहीं लगाई।बेलिंघम ने इलियट एंडरसन से एक लंबा पास लिया और एक डिफेंडर और गोलकीपर डोमिनिक लिवकोविच को छकाते हुए गोल कर दिया।केन अब विश्व कप में 10 गोल कर चुके हैं। उन्होंने 1986 और 1990 के टूर्नामेंट में खेलने वाले गैरी लाइनकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इस 32 वर्षीय खिलाड़ी का पहला गोल पेनल्टी किक पर मिले दूसरे मौके पर आया। लिवकोविच ने उनका पहला शॉट रोक दिया था लेकिन इसे वीडियो समीक्षा से पता चला कि जब केन ने गेंद पर शॉट मारा तब गोलकीपर के दोनों पैर गोल लाइन से बाहर थे।

केन ने दूसरे प्रयास में भी दाहिने पोस्ट की ओर उसी दिशा में शॉट लगाया, जबकि लिवकोविक ने दूसरी दिशा में यानि अपनी दाहिनी ओर छलांग लगाई।पेनल्टी तब दी गई जब अपने पांचवें विश्व कप में खेल रहे 40 वर्षीय मिडफील्डर लुका मोड्रिक ने नोनी माडुएके की जांघ पर लात मारी।केन ने डेक्लन राइस के कॉर्नर किक पर जोरदार हेडर लगाकर दूसरा गोल किया और इस तरह से लाइनकर के रिकॉर्ड की बराबरी की। केन के अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या 81 हो गई है

।क्रोएशिया के कोच यलात्चो डैलिच ने कहा, हमने दो गोल किए जो अच्छे प्रयासों और अनुकूल परिस्थितियों का परिणाम थे, लेकिन वे काफी नहीं थे। इंग्लैंड के खिलाफ खेलना बहुत कठिन था, हमें रक्षापंक्ति को भी मजबूत करना होगा। इंग्लैंड को दूसरे हाफ के शुरू में गोल करने के कुछ और अच्छे मौके मिले थे और अगर वह इनका फायदा उठा लेता तो जीत का अंतर और बेहतर होता।

आईओए एथलीट फोरम में हिस्सा लेंगी सुरभि मिश्रा

जयपुर, 18 जून। भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट कमीशन द्वारा आयोजित एथलीट फोरम 2026 में राजस्थान की पूर्व अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश

खिलाड़ी सुरभि मिश्रा भी हिस्सा लेने जाएंगी। एथलीट फोरम का आयोजन 19 जून को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में होगा, जिसमें देशभर के विभिन्न राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा नामित खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। भारतीय महिला फुटबॉल टीम की पूर्व कप्तान और गोलकीपर अदिति चौहान की ओर से सुरभि मिश्रा को भेजे आमंत्रण में बताया गया है कि भारतीय ओलंपिक संघ का एथलीट आयोग खिलाड़ियों के लिए बेहतर कल्याणकारी व्यवस्था, सुरक्षित खेल वातावरण, क्लीन स्पोर्ट और खेल जीवन के बाद करियर निर्माण जैसे विषयों पर कार्य कर रहा है। सुरभि मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले एथलीट फोरम का मुख्य विषय करियर ट्रांजिशनिंग रखा गया है। फोरम के माध्यम से खिलाड़ियों को खेल जीवन से आगे के करियर विकल्पों, रोजगार, शिक्षा, नेतृत्व विकास और जीवन कौशल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही खिलाड़ियों को अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे एथलीट आयोग के समक्ष रखने का अवसर भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि फोरम में देश के विभिन्न खेलों के शीर्ष खिलाड़ी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, खेल प्रशासक और विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

आर.डी. बाहेती मेमोरियल जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप 23 से

जयपुर, 18 जून। आर.डी. बाहेती मेमोरियल जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का आयोजन 23 जून से 29 जून तक एस.एम.एस. स्टेडियम इंडोर बैडमिंटन हॉल, जयपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जयपुर जिला

बैडमिंटन टीम का चयन किया जाएगा जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दासोत एवं आर.डी. बाहेती चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रदीप बाहेती ने बताया कि अंडर-11, 13, 15 एवं 17 आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा हाल ही में लागू किए गए नए स्कोरिंग सिस्टम (15 अंक 3 गेम) के अनुसार खेली जाएंगी। प्रदीप बाहेती ने बताया कि प्रतियोगिता उनके पिता स्वर्गीय आर.डी. बाहेती की स्मृति में आयोजित की जा रही है। स्वर्गीय बाहेती एक प्रतिष्ठित समाजसेवी, खेल प्रेमी एवं हास्य सम्राट के रूप में जाने जाते थे उन्होंने स्वयं खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों के प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। संघ के कोषाध्यक्ष अतुल गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता के चीफ रेफरी के.के. माथुर होंगे, जबकि जगदीश खत्री एवं विकास माथुर डिप्टी रेफरी की जिम्मेदारी निभाएंगे। राजस्थान बैडमिंटन संघ द्वारा नियुक्त धर्मराज शर्मा मैच कंट्रोलर होंगे।

83वें मिनट में दक्षिण अफ्रीका की वापसी, चेकिया से की 1-1 की बराबरी

अटलांटा, 18 जून। टूर्नामेंट का 25वां मुकाबला ग्रुप-ए की चेकिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमों के बीच अटलांटा स्टेडियम में खेला गया। चेकिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती बढ़त हासिल कर ली थी। मुकाबले के छठे मिनट में माइकल सादिलेक ने पहला गोल दागा और टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हाफ-टाइम तक चेकिया 1-0 से आगे थी। उनके लिए मुकाबले की शुरुआत के छठवें मिनट में ही माइकल सादिलेक ने पहला गोल दागा और टीम को बढ़त दिलाई। 83वें मिनट में दक्षिण अफ्रीका ने वापसी कर ली। उनके लिए तेबोहो मोकोएना ने गोल कर टीम को चेकिया के खिलाफ 1-1 की बराबरी पर पहुंचा दिया।

महिला हॉकी नेशंस कप : भारत ने उरुग्वे को 3-2 से हराया

ऑकलैंड, 18 जून। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को आखिरी पूल मैच में उरुग्वे को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराया। इस जीत के साथ भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया, जिसमें अमेरिका, जापान और उरुग्वे पर लगातार तीन जीत शामिल हैं। अमेरिका पूल ए में दूसरे स्थान पर रहा और भारत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गया।

न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खेले गए मुकाबले में भारत के लिए दीपिका (24वें मिनट, 56वें मिनट) और दीपिका सोरेंग (43वें मिनट) ने गोल किए। उरुग्वे के लिए चियारा एपेंनिनो (13वें मिनट) और मैनुएला विलार (55वें मिनट) ने गोल दागे। यह मैच मिडफील्डर नेहा के लिए एक खास मौका था, जिन्होंने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला।

अजमेर के ताइक्वांडो कोच पर गंभीर आरोप

नियमों को ताक पर रख मासूम बच्ची को बड़े लड़के से लड़वाया

पेट में किक लगने से घायल

अजमेर, 18 जून। रामगंज पुलिस थाना इलाके में स्थित चन्द्रबरदाई नगर में खेल प्रशिक्षण के नाम पर मासूम बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक ताइक्वांडो और कराटे कोच पर अपनी ही नाबालिग छात्रा के साथ गंभीर लापरवाही बरतने और उसकी सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगा है। पीड़ित बच्ची के पिता पूरनचंद ने जिला कलेक्टर को शिकायती पत्र सौंपकर कोच के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और कोचिंग बंद करवाने की मांग की है, क्योंकि जो घटनाक्रम उनकी बेटी के साथ हुआ है वो किसी ओर की बेटी के साथ न हो। फलक के पिता अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए दर-दर भटक रहे है।

आरोप है कि बीते 14 मई 2026 को ट्रेनिंग और प्रतियोगिता के दौरान कोच यशवर्धन सिंह द्वारा भारी लापरवाही बरती गई। कोच ने खेल के स्थापित नियमों के विपरीत जाकर पलक का मुकाबला एक ऐसे लडक़े से करवा दिया, जो उम्र, लंबाई और वजन में फलक से काफी बड़ा था। नियमों के अनुसार बालिकाओं का मुकाबला हमेशा समान आयु, वजन और वर्ग के खिलाड़ी से ही कराया जाना चाहिए, लेकिन यहां सारे नियमों को दरकिनार कर दिया गया। पीड़ित पिता का आरोप है कि कोच यशवर्धन सिंह ने उनकी बेटी फ़लक को लगातार तीन बार उसी भारी-भरकम लडक़े के साथ फाइट करने पर मजबूर किया। इस मुकाबले के दौरान लडक़े द्वारा पेट में लगातार कई किक (लातें) मारने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

दौसा का क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कोटा को चार विकेट से हराया

जयपुर, 18 जून। दौसा महिला टीम ने टूर्नामेंट में प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीता कोटा को 4 विकेट से हराया। क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है जिसका अगला मुकाबला सीकर से होगा। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि आरसीए द्वारा आयोजित सीनियर महिला चैंपियनशिप 2026-27 के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला जो अलवर में सूरत क्रिकेट ठाउंड पर आयोजित किया गया जिसमें दौसा की टीम ने कोटा की टीम को 4 विकेट से हराया दौसा की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षन करते हुए निर्धारित 50 ओवर के मुकाबले में कोटा की पूरी टीम को 141 रन 37 ओवर में समेट दिया। दौसा टीम द्वारा शानदार क्षेत्ररक्षण और कसी हुई गेंदबाजी की बदौलत कोटा की पूरी टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई। दौसा टीम की और से सोनम सैनी, तनिका शर्मा, याना वर्मा और भूमिका चौधरी ने 22 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करते हुए दौसा की टीम ने 31 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।दौसा की टीम से तनिका शर्मा ने 30 रन, याना वर्मा ने 22 रन और सोनम सैनी ने 24 रन और मोनिका धवन ने 21 रन बनाए। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि सीनियर महिला टूर्नामेंट में दौसा की टीम ने प्री क्वार्टर मैच जीत कर टीम ने क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई कर लिया है।

राजस्थान आवासन मण्डल

क्रमांक :- 78 दिनांक :- 18/06/2026

संशोधित ईपीसी बिड़ सूचना संख्या: 09/2025-26

इस कार्यालय द्वारा जारी ईपीसी बिड़ सूचना संख्या 09/2025-26 में संशोधन उपरान्त बिड़ प्रपत्र डाउनलोड व अपलोड करने की अन्तिम तिथि 30.07.2026 सायं 6.00 बजे तक, मूल प्रपत्र कार्यालय में जमा कराने की तिथि 03.08.2026 सायं 4.00 बजे तक, तकनीकी बिड़ खोलने की तिथि 05.08.2026 अपरान्ह 3.00 बजे एवं वित्तीय बिड़ खोलने की तिथि 11.08.2026 प्रातः 11.00 बजे रहेगी। अन्य शर्तें मूल बिड़ अनुसार यथावत रहेगी।

राज.संवाद/सी/26/5142 अतिरिक्त मुख्य अभियंता-तृतीय, जयपुर

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोडरमल रोड, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2026-27/राजकाज 22828279 दिनांक :- 12/06/2026

ई-निविदा सूचना संख्या 11/2026-27

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों अनुमानित लागत राशि 3024.68 लाख की ई-निविदा दिनांक 09.07.2026 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. : AJD2627WLOB00062 - 00063

राज.संवाद/सी/26/5117 अधिशाषी अभियन्ता

कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :-न.प.सु/स्टोर शाखा/2026/2139 दिनांक :- 14.06.2026

:-ई-निविदा सूचना-2026-27:-

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदा दिनांक 19.06.2026 तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों को वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कि जा सकता है एवं निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक DLB2627GLOB07619 है। कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/26/5083 आयुक्त, नगर परिषद, सुजानगढ

कार्यालय नगर पालिका सूरौठ, जिला करौली (राज.)

क्रमांक :- 968 दिनांक - 15.06.2026

ई-निविदा सूचना वर्ष 2026-27

नगर पालिका सूरौठ की ओर सफाई कार्य के लिए दोनो जोनो के वार्डो में सफाई व्यवस्था एवं शौचालयों/मूत्रालयों की सफाई कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिऐ निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। जिसनमें पंजीकृत संवेदको/एन.जी.ओ./प्लेसमेन्ट एजेन्सियों/उत्पादको/संभरण कर्ताओ एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको से ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण बेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in तथा eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। इच्छुक संवेदको को ई-निविदा में भाग लेने हेतु बेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है।

NIB Code DLB2627A3108

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सूरौठ

राज.संवाद/सी/26/5080

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

खण्ड-तारानगर (राजस्थान) 331304

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक-438-450 दिनांक-15.06.2026

NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS (Short term notice)

Online tenders are hereby invited on behalf of the Hon'ble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, and http://eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 22-06-2026 (06:00 PM)

Sr. No.	NIT No.	UBN No.
1	22/2026-27	PHE2627WSOB02048

SAVE WATER-SAVE LIFE

Executive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact: 98871-81073

DIPR/C/10804/2026

Office of the Superintendent Engineering Watershed Development and Soil Conservation, Karauli

File No. ()/840/44 Date: 12.06.2026

NOTICE INVITING BID

NIB NO. 01,02/2026-27 YEAR 2026

Bids for Talab, Talai, ECD Mpt, Farm pond, ECD Pakka check dam, Anicut, PT, e.t.c. of MJSA 2.2 & 2.3 Block-KARAULI, TODABHIM HINDAUN, NADOTI, SAPOTRA & SHREE MAHAVEER JI (TOTAL 10 packs) estimated value INR 32.00, 46.81, 81.10, 18.42, 72.76 & 26.22 lacs (06 packs) And 44.70, 48.16, 3552 & 50.55 (04 packs) are invited from interested bidders up to 06.00 PM 22.06.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc)

NIT NO.	NIB NO.	UBN NO.
01/2026-27	WSC2627A0401	WSC2627WSOB00635 to 640
02/2026-27	WSC2627A0405	WSC2627WSOB00641 to 644

Superitending Engineer
watershed development and soil
conservation Department, Karauli

DIPR/C/10747/2026

Office of the Executive Engineer, Watershed Development & Soil Convervation Kolayat (Bikaner)

S.No. 262-68 Date: 12.06.2026

NOTICE INVITING BID

NIB NO. WSC2627A0386

On the befalf of Governor of Rajasthan, bids for the execution of Construction of Farm Pond & Arable Tanka Works under MJSA 2.2 & 2.3 Projects of estimated value INR 226.50 Lakhs as mentioned below are invited from interested bidders up to 22.06.2026, 06.00 PM Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state, and www.watershed.rajasthan.gov.in departmental website.

Bid No.	Block	Estimated Cost, (Rs. in lakhs)	UBN NO.
1	Kolayat	45.00	WSC2627WSOB00603
2	Kolayat	37.50	WSC2627WSOB00604
3	Kolayat	72.00	WSC2627WSOB00605
4	Kolayat	72.00	WSC2627WSOB00606

(Dinesh Chandar Pandey)
Executive Engnieer
WDSC, Kolayat (Bikaner)

DIPR/C/10654/2026

कार्यालय नगरपालिका, सांचौर जिला-जालौर (राज.)

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक/न.पा.सां./ई-निविदा/2026/1538 दिनांक :- 15.06.2026

-:: ई निविदा सूचना 04/2026-27

नगर पालिका सांचौर निविदा क्रमांक 1510 दिनांक 12.06.2026 द्वारा विभिन्न निर्माण का कार्य करवाये जाने हेतु पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण जरीये यूबीएन नं. से वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

निविदा में कुल कार्य	03 कार्य
निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि	दिनांक 30.06.2026 दोपहर 4.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र जमा करवाने की तिथि	दिनांक 30.06.2026 दोपहर 6.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 01.07.2026 सांय 11.00 बजे से
UBN NO.	
DLB2627WSRC07636	
DLB2627WSRC07637	
DLB2627WSRC07640	

राज.संवाद/सी/26/5070 अधिशाषी अधिकारी